


## रिया कपूर ने इस तरह मनाया हसबैंड करण बूलानी का बर्थडे

अनिल कपूर की छोटी बेटी रिया कपूर ने हसबैंड करण बूलानी के साथ अपनी कुछ रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। मौका है करण के 39वें बर्थडे के और इसी सेलिब्रेशन की तस्वीरें रिया ने शेयर की हैं। इन तस्वीरों में रिया करण को झपे करती नजर आ रही हैं। तस्वीरों में दिख रहा है कि दोनों इस खास मौके पर कैंडल लाइट डिनर का मजा लिया है। रिया ने शादी के बाद हसबैंड करण के फर्स्ट बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर कर लिखा है, हर मामले में मेरे पार्टनर को जन्मदिन की शुभकामनाएं। आपके साथ हर साल और भी जादुई है और पूरा करने वाला होता है। ऐसा कोई और नहीं, जिसके साथ में आगे बढ़ पाऊं। आई लव यू सो मच। बता दें दोनों इस बर्थडे सेलिब्रेशन के लिए राजस्थान के अमन बाग में हैं। रिया के इस पोस्ट पर इंडस्ट्री से कई सितारों ने करण को बर्थडे विश किया है, जिसमें जैकलीन फर्नांडिस, नीना गुप्ता, संदीप खोसला जैसे कई शामिल हैं। बता दें कि रिया ने 14 अगस्त 2021 को अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड करण बूलानी से शादी रचाई। इस शादी में परिवार और करीबी दोस्त मौजूद थे। बता दें कि अनिल कपूर की छोटी बेटी रिया एक प्रोड्यूसर होने के साथ–साथ अपनी बहन सोनम कपूर की तरह ही फैशन स्टाइलिस्ट हैं।

## पीएम मोदी ने अरविंद त्रिवेदी के निधन पर जताया शोक, यूं किया नट्टू काका को याद

रामायण में रावण का किरदार निभाने वाले मशहूर ऐक्टर अरविंद त्रिवेदी का मंगलवार रात निधन हो गया। वहीं 3 अक्टूबर को तारक मेहता के नट्टू काका घनश्याम नायक भी चल बसे। पीएम नरेंद्र मोदी ने इन दोनों ऐक्टरों के निधन पर शोक जताया है।
रामानंद सागर की रामायण में रावण का किरदार निभाने वाले मशहूर ऐक्टर अरविंद त्रिवेदी का मंगलवार रात हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया। वहीं हाल ही श्तारक मेहता का उल्टा चश्माश के नट्टू काका यानी घनश्याम नायक भी चल बसे। सिनेमा और टीवी इंडस्ट्री की इन दो मशहूर हस्तियों के जाने से जहां फैन्स को झटका लगा है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शोक व्यक्त किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने अरविंद त्रिवेदी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, हमने अरविंद त्रिवेदी को खो दिया है, भारतीयों की आने वाली पीढ़ियां उन्हें टीवी सीरियल रामायण में उनके काम के लिए याद करेंगी। पीएम ने नट्टू काका को भी याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया, घनश्याम नायक को उनकी बहुमुखी भूमिकाओं के लिए याद किया जाएगा। खासकर पॉप्युलर शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में। वह बेहद दयालु और विनम्र भी थे।

## कमर में गमछा बांध भैंस का दूध निकालती दिखीं नेहा कक्कड




सोशल मीडिया पर नेहा कक्कड़ का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह कमर पर गमछा बांधे भैंस का दूध निकालती दिख रही हैं। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर एक फैन क्लब ने शेयर किया है।
क्या आपने कभी नेहा कक्कड़ को कमर से गमछा बांधे भैंस का दूध निकालते देखा है? नहीं ना? तो अब देख लीजिए। नेहा कक्कड़ का हाल ही एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। फैन्स इस वीडियो पर खूब प्यार बरसा रहे हैं।
दरअसल इस वीडियो में नेहा कक्कड़ भैंस का दूध निकालती दिख रही हैं और उन्होंने कमर पर गमछा बांधा हुआ है। नेहा कक्कड़ के इस वीडियो को उनके एक फैन क्लब ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।
वीडियो में नेहा कक्कड़ डरते–डरते भैंस का दूध निकालने के लिए बैठ रही हैं। वह बैठते हुए कहती हैं, श्ये मारेगी।श इसके बाद वह कहती हैं कि दूध निकालते वक्त भैंस को दर्द तो नहीं होगा।। इसके बाद दूधिया उन्हें दूध निकालना सिखाता है। वीडियो में फिर नेहा कक्कड़ दूध निकालने के बाद बाल्टी के साथ भागती भी दिख रही हैं।


# एनसीबी के स्टार ऑफिसर समीर वानखेड़े की खूबसूरत वाइफ क्रांति

### अजय देवगन के साथ कर चुकी हैं फिल्म

*शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को गिरफ्तार करने वाले एनसीबी के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े को रियल लाइफ सिंघम भी कहा जाने लगा है। ड्रग्स नेक्सस के खिलाफ समीर वानखेड़े ‘उममत’ दीमकम) एक ऐसी आफत बन चुके हैं, जिनकी तेज–तर्रार नजरों से बच पाना आरोपियों के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। हालांकि, यहां हम बात करने जा रहे हैं रियल लाइफ सिंघम समीर वानखेड़े की वाइफ क्रांति रेडकर के बारे में, जो एक ऐक्ट्रेस हैं और वह रील लाइफ सिंघम के साथ नजर आ चुकी हैं।*


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

क्रांति रेडकर मुंबई में पली–बढ़ी हैं और उन्होंने रामनारायण रुइया कॉलेज, माटुंगा से पढ़ाई पूरी की। साल 2017 में क्रांति की शादी समीर वानखेड़े से हुई। दोनों को ट्विन्स बेटियां हैं। क्रांति सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव हैं और जमकर अपनी तस्वीरें व वीडियो शेयर किया करती हैं।
क्रांति रेडकर यूं तो मराठी फिल्मों, टेलिविजन शोज और थिएटर की दुनिया में चर्चित हैं, लेकिन वह बॉलिवुड फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं। साल 2000 में मराठी फिल्म श्सून असावी आशीश से फिल्मी दुनिया में कदम रखने वाली क्रांति को साल 2003 में प्रकाश झा की फिल्म मिल गई। यह फिल्म थी गंगाजल, जिसमें अजय देवगन लीड रोल में थे। फिल्म में क्रांति को किडनैप हुई लड़की का अहम रोल मिला था। इसके बाद उन्होंने कई मराठी फिल्में कीं जिनमें जतरा, शाहनपन देगा देवा, नो एंट्री पुढे धोखा आहे, खो खो, मर्डर मिस्ट्री, करार जैसी कई फिल्में शामिल हैं।
समीर वानखेड़े की पैनी नजरों की रडार में कई सिलेब्रिटीज आ




चुके हैं। उन्होंने बॉलिवुड सिंगर मीका सिंह को 2013 में विदेशी मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया था। इसके अलावा अनुराग कश्यप और राम गोपाल वर्मा की संपत्तियों पर भी इन्होंने छापे मारे थे। वानखेड़े जब मुम्बई एयरपोर्ट पर तैनात थे, तब 2011 की वर्ल्डकप ट्रोफी को उन्होंने रोक लिया था। जबतक ट्रोफी की कस्टम ड्यूटी नहीं चुकाई गई, तबतक समीर ने ट्रोफी को नहीं छोड़ा था।
क्रांति रेडकर ने बताया है, जब भी समीर अपने ऑपरेशन्स को अंजाम दे रहे होते हैं या फिर कुछ जांच में जुटे होते हैं तो मैं उन्हें उनका पूरा स्पेस देती हूं। मैं उनसे कभी नहीं पूछती कि क्या हुआ, कैसे हुआ क्योंकि मैं उनके काम की प्रिवेसी को समझती हूं। मैं घर पर हर चीज का ध्यान रखती हूं और इसलिए वह अपने केसों पर और ज्यादा ध्यान दे सकते हैं। कभी–कभी तो वह इतने बिजी हो जाते हैं कि सो भी नहीं पाते हैं। वह 24•7 काम करते हैं और बमुश्किल 2 घंटे सोते हैं। जब वह किसी केस के बारे में फोन पर बात कर रहे होते हैं तो मैं न तो कभी दखल देती हूं और न ही उसमें शामिल होती हूं। वह रोजाना ही सीक्रेट ऑपरेशन्स को अंजाम देते हैं।

# बॉलिवुड ने दी अक्षय कुमार की मां को दी श्रद्धांजलि




*मलाइका अरोड़ा ध्वज लवर हैं। मलाइका अक्सर अपने चहेते डॉगी के साथ कैमरे में कैप्चर नजर आती हैं। डॉगी भी मलाइका की कमर पकड़कर ऐसे खड़ा दिखा जैसे कोई बच्चा अपनी मां से लिपटा हो और किसी चीज की जिद कर रहा है। कभी डॉगी को वॉक पर तो कभी उसके साथ खेलते हुए मलाइका की तस्वीरें सोशल मीडिया पर नजर आती रही हैं।*

इस बार जो तस्वीरें सामने आई हैं उन्हें देखकर आपको भी प्यार आ जाएगा। मलाइका इन तस्वीरों में इस डॉगी को अपने बच्चे की तरह दुलार करती दिख रही हैं। मलाइका अरोड़ा इन दिनों एमटीवी के रिऐलिटी शो Supermodel Of The Year Season 2 में नजर आ रही हैं। इस शो में मलाइका ने लड़कों को लेकर अपनी पसंद पर ऐसी बात कही कि वह चर्चा में छा गईं। दरअसल, इस शो के दौरान को–होस्ट मिलिंद सोमन ने मलाइका से पूछा था कि वह उन तीन चीजों के बारे में बताएं जिन्हें देख वह पुरुषों की तरफ आकर्षित होती हैं। इस सवाल पर बेबाक जवाब देते हुए मलाइका ने कहा मुझे असल में ऐसा लड़का पसंद है, जो थोड़ा सा एज के इर्द–गिर्द रफ हो। मुझे चिकने लड़के बिल्कुल पसंद नहीं है। मुझे ऐसा लड़का पसंद होगा, जो भयानक तरीके से फ्लर्ट करता हो...जो अच्छा किस कर सके।
इसके बाद मिलिंद ने मलाइका से पूछा था कि उन्होंने अर्जुन कपूर को आखिरी टेक्स्ट मेसेज क्या भेजा था? इस पर मलाइका ने शरमाते हुए बताया,आइ लव यू 2।

